Ans. (b) : हटुण्डी (अजमेर) में गांधी आश्रम की स्थापना हरिभाऊ उपाध्याय ने की थी। हरिभाऊ उपाध्याय 'नवजीवन' अखबार के संपादक भी रहे थे। गांधी जी ने 3 बार अजमेर की यात्रा की थी।

991. दादू पंथ की प्रमुख पीठ स्थित है

(a) आमेर (b) नरैना
(c) मण्डोर (d) करौली

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (b) : दादू जी को राजस्थान का कबीर कहा जाता हैं दादू जी ने अपने विचारों को कविता के माध्यम से व्यक्त किया है जिससे 'दादू जी की वाणी' और 'दादू जी रा दूहा' के रूप में संकलित किया गया हैं दादू पंथ की प्रधान पीठ नारायण (नरेना),जयपुर में स्थित है। दादू पंथ के सत्संग स्थल को 'अलख दरीबा' कहा जाता है।

992. दादूपंथ में सत्संग स्थल कहलाता है-

(a) मुक्ति धाम (b) अलख दरीबा
(c) चौपड़ा (d) रामद्वार

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (b) : दादूपंथ का सत्संग स्थल अलख दरीबा कहलाता है। इसकी मुख्य पीठ नारायणा (जयपुर) में स्थित है। दादूजी ने अपने विचारों को कविता के माध्यम से व्यक्त किया है, जिसे 'दादूजी की वाणी' और 'दादूजी रा दूहा'......' के रूप में संकलित किया गया है।

993. चित्तौड़गढ़ किले के निम्नलिखित मंदिरों में से कौन सा एक जैन मंदिर है?

(a) कुंभश्याम मंदिर (b) सातवीश देवरी
(c) समिद्धेश्वर मंदिर (d) तुलजा भवानी मंदिर

उत्तर (b)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- चित्तौड़गढ़ किले के जैन मंदिर जैन धर्म के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। दिगम्बर जैन मंदिर, मीराबाई के मंदिर, चन्द्रप्रभु जिनाल्या मंदिर जैन कला की अद्भुत अभिव्यक्तियाँ हैं।

994. देलवाड़ा के जैन मन्दिरों का निर्माण निम्नलिखित में से किसने करवाया था?

(a) नेमीनाथ (b) विमल शाह
(c) आदिनाथ (d) भीम शाह

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (b) : देलवाड़ा के जैन मन्दिरों का निर्माण विमल शाह ने करवाया था। ये जैन मंदिर राजस्थान राज्य के सिरोही जिले के माउंट आबू में स्थित हैं यह पांच मंदिरों का समूह हैं ये मंदिर सफेद संगमरमर से बने हैं।

995. राजस्थान में दानचन्द चौपड़ा की हवेली कहाँ स्थित है-

(a) किशनगढ़ (b) बीकानेर
(c) सुजानगढ़ (d) खेतड़ी

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (c) – दानचन्द्र चोपड़ा की हवेली राजस्थान के चुरू जिले के सुजानगढ़ में स्थित है। यह दूसरे तिरूपति बालाजी मन्दिर के लिए प्रसिद्ध है। राजस्थान में हवेलियों के निर्माण की स्थापत्य कला भारतीय वास्तुशास्त्र के ही अनुकूल रही है।

996. मेवाड़ नरेश राणा अमरसिंह एवं राणा कर्णसिंह की छतरियाँ (स्मारक) अवस्थित हैं-

(a) मंडोर (जोधपुर) (b) आहड़ (उदयपुर)
(c) नाथद्वारा (उदयपुर) (d) इनमें से कोई नहीं

महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) –राणा अमर सिंह और राणा कर्णसिंह क्रमशः महाराणा प्रताप के पुत्र और पौत्र थे। इनकी छतरियाँ (स्मारक) आहाड़ (उदयपुर) राजस्थान में स्थित है।

997. पटवों की हवेली कहाँ स्थित है?

(a) जयपुर (b) झुन्झुनूं
(c) बीकानेर (d) जैसलमेर

कर सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) – 'पटवों की हवेली' जैसलमेर में स्थित है। यह एक प्राचीन आवासीय संरचना है जो राजस्थान का एक प्रमुख पर्यटन और ऐतिहासिक स्थल है। 'पटवों की हवेली' पाँच हवेलियों का समूह है जिसका निर्माण एक व्यापारी पटवा ने 19वीं शताब्दी में करवाया था।

998. बूंदी में 'चौरासी खम्भों की छतरी'' का निर्माण किसने करवाया?

(a) राव अनिरूद्ध (b) राव शत्रुसाल
(c) महाराव बुध सिंह (d) महाराव विष्णु सिंह

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (a) : बूँदी में ''चौरासी खम्भों की छतरी'' का निर्माण बूँदी के तत्कालीन महाराजा राव अनिरूद्ध ने अपने पालक भाई देव के स्मारक के रूप में किया था। इसे ''म्यूजिक महारानी की छतरी भी कहा जाता है।

999. जोधपुर नरेश मानसिंह की रानी भटियाणी प्रताप कुँवरी ने अपने द्वारा बनाये गये मंदिर को पुनः अन्यत्र बनवाया, क्योंकि पहले वाला मंदिर जमीन में धंस गया था, और उसने उसकी प्राण प्रतिष्ठा 1857 में कराई। उस मंदिर का नाम है-

(a) कुंज बिहारी मंदिर (b) महामंदिर
(c) घनश्यामजी का मंदिर (d) तीजा मांजी का मंदिर

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (d) : जोधपुर नरेश मानसिंह की रानी भटियाणी प्रताप कुँवरी ने अपने द्वारा बनाये गये मंदिर को पुनः अन्यत्र बनवाया, क्योंकि पहले वाला मंदिर जमीन में धंस गया था और उसने उसकी प्राण प्रतिष्ठा 1857 में कराई। उस मंदिर का नाम है- तीजा मांजी का मंदिर।

1000. राजस्थान में '33 करोड़ देवी/देवताओं की साल' कहाँ स्थित है?

(a) आभानेरी (b) नाडोल
(c) मण्डोर (d) खेड़

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (c) : राजस्थान में ''33 करोड़ देवी/देवताओं की साल' जोधपुर नगर से बाहर मण्डोर उद्यान परिसर में स्थित है। मण्डोर स्थित देवताओं की साल का निर्माण महाराजा अजीत सिंह और उसके पुत्र राजा अभयसिंह के काल में करवाया गया।